आर. एन. आई. नं. UPHIN/2010/32566 डाक. पंजीयन. संख्या– SSP/LW/NP-311

# अद्भुत समाचार

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी साप्ताहिक

हर ख़बर पर पैनी नज़र

वर्ष : 14 अंक : 03 लखनऊ, शुक्रवार 21 अप्रैल 2023 से 27 अप्रैल 2023 तक पृष्ठ–8 मूल्य : एक

## यूक्रेन–रूस युद्ध सहित वैश्विक चिंता का समाधान बुद्ध के उपदेशों में : पीएम मोदी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यूक्रेन–रूस युद्ध मौजूदा वैश्विक आर्थिक परिस्थितियों और जलवायु परिवर्तन से जुड़ी चिंताओं को इस सदी की सबसे बड़ी चुनौती करार देते हुए कहा कि आज समय की मांग है कि प्रत्येक राष्ट्र की प्राथमिकता अपने देश के हित के साथ ही विश्व हित भी हो। राजधानी स्थित अशोक होटल में आयोजित पहले वैश्विक बौद्ध शिखर सम्मेलन का उद्घाटन करने के बाद अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने कहा, आज दुनिया जिस युद्ध और अशांति से पीड़ित है, उसका समाधान बुद्ध के उपदेशों में है। उन्होंने कहा, हमें विश्व को सुखी बनाना है तो स्व से निकलकर संसार, संकुचित सोच को त्यागकर, समग्रता का यह बुद्ध मंत्र ही एकमात्र रास्ता है। मोदी ने कहा कि सभी को अपने आस–पास गरीबी से जूझ रहे लोगों के बारे में और साथ ही संसाधनों के अभाव में फंसे देशों के बारे में सोचना ही होगा। उन्होंने कहा, एक बेहतर और स्थिर विश्व की स्थापना के लिए यही एक मार्ग है। आज यह समय की मांग है कि हर व्यक्ति की, हर राष्ट्र की प्राथमिकता अपने देश के हित के साथ ही विश्व हित भी हो। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह बात सर्व स्वीकार्य है कि आज का यह समय इस सदी का सबसे चुनौतीपूर्ण समय है। उन्होंने कहा, आज एक ओर महीनों से दो देशों में युद्ध चल रहा है तो वहीं दुनिया आर्थिक अस्थिरता से भी



गुजर रही है। आतंकवाद और मजहबी उन्माद जैसे खतरे मानवता की आत्मा पर प्रहार कर रहे हैं। जलवायु परिवर्तन जैसी चुनौती पूरी मानवता के अस्तित्व पर आफत बनकर मंडरा रही है। ग्लेशियर्स पिघल रहे हैं। पारिस्थितकीय तंत्र नष्ट हो रहे है। प्रजातियां विलुप्त हो रही हैं। लेकिन इन सबके बीच हमारे आप जैसे करोड़ों लोग भी हैं जिन्हें बुद्ध में आस्था है और जीव मात्र के कल्याण में विश्वास है। प्रधानमंत्री ने इस उम्मीद को इस धरती की सबसे बड़ी ताकत करार दिया और कहा कि जब यह ताकत एकजुट होगी तो बुद्ध का धम्म विश्व की धारणा बन जाएगा और बुद्ध का बोध मानवता का विश्वास बन जाएगा। उन्होंने कहा कि आधुनिक विश्व की ऐसी कोई समस्या नहीं है जिसका समाधान सैंकड़ों वर्ष पहले दिए गए बुद्ध के उपदेशों में न हो। उन्होंने कहा कि आज दुनिया जिस युद्ध और अशांति से पीड़ित है, उसका समाधान बुद्ध ने सदियों पहले दे दिया था। इस दो दिवसीय शिखर सम्मेलन की मेजबानी संस्कृति मंत्रालय अंतरराष्ट्रीय बौद्ध परिसंघ के सहयोग से कर रहा है। शिखर सम्मेलन का विषय समकालीन चुनौतियों पर प्रतिक्रिया रू अभ्यास के लिए दर्शन है। यह वैश्विक शिखर सम्मेलन बौद्ध धर्म में भारत के महत्व और अहमियत को चिन्हित करेगा। शिखर सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य शाक्यमुनि बुद्ध की शिक्षाओं पर गौर करना है जो सदियों से बुद्ध धम्म के अभ्यास से लगातार समृद्ध होती रही हैं।

## कानून व्यवस्था और विकास के मुद्दे पर निकाय चुनाव लड़ेगी भाजपाः योगी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) मजबूत कानून व्यवस्था और अभूतपूर्व विकास के मुद्दे पर निकाय चुनाव लड़ेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर मंडल के चारो जिलों को मिलाकर एक नगर निगम,सात नगर पालिका और ४४ नगर पंचायतों के चुनाव में भाजपा की जीत के लिये एक के बाद एक पांच बैठकें कीं। उन्होने अब तक हुई चुनावी तैयारियों का हाल जाना और जीत के लिए जरूरी टिप्स दिए। उन्होंने साफ किया कि पार्टी के पास कानून व्यवस्था और विकास का बेहद मजबूत आधार है। भाजपा इसी मुद्दे पर चुनाव लड़ेगी, इसलिए सिर्फ हर निकाय प्रमुख पद पर ही जीत दर्ज करने पर ही केंद्रित नहीं होना है बल्कि सभी निकायों में भाजपा के स्पष्ट बहुमत का बोर्ड बनवाने पर भी गंभीरता से ध्यान देना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नगर निकाय चुनाव के लिए भी भाजपा संकल्प पत्र जारी करेगी। उन्होंने सभी भाजपा प्रत्याशियों को विजय हासिल करने




की शुभकामनाएं भी दीं। अपरान्ह एक बजे से शुरू बैठकों की श्रृंखला में एक–एक घण्टे कुशीनगर, महराजगंज, देवरिया और गोरखपुर जिलों के नगर निकायों में अब तक हुई चुनावी तैयारियों की जिलेवार चुनाव संचालन समिति के लोगों विस्तार से जानकारी ली। इन बैठकों के बाद मुख्यमंत्री गोरखपुर क्लब में पांचवीं बैठक करने पहुंचे। यह बैठक गोरखपुर नगर निगम चुनाव पर केंद्रित रही। बैठकों में प्रत्याशियों और प्रमुख कार्यकर्ताओं से फीडबैक लेने के बाद योगी ने कहा "इस बार के नगर निकाय चुनाव में आपके साथ भाजपा की डबल इंजन सरकार की ताकत है। इस चुनाव में एक और इंजन जोड़कर हर निकाय क्षेत्र में ट्रिपल इंजन सरकार का गठन करना है। जनता के बीच यह संदेश स्पष्ट होना चाहिए कि ट्रिपल इंजन सरकार विकास और जनकल्याण को बुलेट ट्रेन की रफ्तार देने की गारंटी होगी।" उन्होंने कहा कि सभी निकायों में अभूतपूर्व विकास कार्यों व जन कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित लाभार्थियों की वृहद सूची है। जन संवाद स्थापित कर सरकार की उपलब्धियों को परिणाम में परिलक्षित करने की जिम्मेदारी से हर एक कार्यकर्ता को जुड़ना होगा।

## कर्नाटक चुनाव में स्टार प्रचारक बने CM योगी, कई जिलों में करेंगे कैम्पेन

लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी ने कर्नाटक में होने वाले विधानसभा चुनावों में प्रचार के लिए अपने स्टार प्रचारकों की लिस्ट जारी कर दी है। स्टार प्रचारकों की सूची मे यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ का नाम भी शामिल है। जारी लिस्ट के अनुसार PM मोदी,बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा, गृहमंत्री अमित शाह, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के साथ न्च के CM योगी भी भाजपा के पक्ष में चुनाव प्रचार करेंगे। बताते चलें कि सीएम योगी आदित्यनाथ की कैम्पेन के लिए जबरदस्त डिमांड है।

## असद–गुलाम एनकाउंटर मामले में अमिताभ ठाकुर की शिकायत पर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने दर्ज किया केस

लखनऊ। असद और गुलाम मोहम्मद के कथित एनकाउंटर के मामले में अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर की शिकायत पर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने केस दर्ज कर लिया है। अमिताभ ठाकुर को भेजे गए ईमेल में आयोग के सहायक रजिस्ट्रार ने बताया है कि अमिताथ ठाकुर की तरफ से भेजी गई शिकायत को एसएसपी झांसी की रिपोर्ट के साथ संबद्ध कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। दरअसल, अमिताभ ठाकुर ने डिप्टी एसपी एसटीएफ नवेंदु कुमार की तरफ से झांसी स्थित थाना बड़गांव में दर्ज कराए गए तीन एफआईआर और




एसटीएफ द्वारा इस संबंध में जारी किए गए मौके के अलग– अलग फोटोग्राफ के आधार पर १२ संदेह के बिंदु के आधार पर यह शिकायत की थी।

## लुटेरे दिखा रहे थे तमंचा, फिर भी भिड़ गई महिला

लखनऊ। राजधानी के कृष्णानगर इलाके में बाइक सवार दो बदमाशों ने एक महिला की चेन लूट ली। इसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। बदमाशों ने इस दुस्साहसिक वारदात को उस समय अंजाम दिया,जब महिला स्कूटी से घर के गेट पर पहुंची थी। इस दौरान



महिला चेन छीन रहे बदमाश से भिड़ गई,लेकिन तभी बदमाश ने महिला पर तमंचा तान दिया। तमंचा देख महिला पीछे हटी,इतनी देर में बाइक सवार मौके से भागने में कामयाब रहे। दरअसल, गुरुवार को एक वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। इस वायरल वीडियो में बाइक सवार दो बदमाश एक स्कूटी सवार महिला से चेन छीनते नजर आ रहे हैं। यह वायरल वीडियो कृष्णानगर स्थित मानसनगर इलाके का बताया जा रहा है। बुधवार को मानसनगर निवासी प्रीति स्कूटी से अपने घर पहुंची थीं। तभी पीछे से आये बाइक सवार दो बदमाशों में से एक बदमाश ने महिला के गले से चेन छीन ली। प्रीति ने बदमाश को पकड़ने की कोशिश की लेकिन बदमाश भागने में कामयाब रहे। यह पूरी घटना घर के बाहर लगे सीसीटीवी में कैद हो गई।

# सम्पादकीय

## पुलिस संरक्षण में अतीक-अशरफ की कैसे हुई हत्या...?

लखनऊ। उच्चतम न्यायालय उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में गैंगस्टर से नेता बने अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की हत्या की स्वतंत्र जांच का अनुरोध करने वाली याचिका पर २४ अप्रैल को सुनवाई करने के लिए मंगलवार को सहमत हो गया। अतीक और अशरफ को शनिवार रात को पत्रकार बनकर आए तीन लोगों ने उस वक्त नजदीक से गोली मार दी थी, जब वे चिकित्सा जांच के लिए प्रयागराज के एक मेडिकल कॉलेज में पुलिसकर्मियों द्वारा ले जाए जाते समय पत्रकारों के सवालों का जवाब दे रहे थे। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली पीठ ने मामले का, तत्काल सुनवाई के लिए उल्लेख करने वाले वकील विशाल तिवारी की दलीलों पर गौर किया। याचिका में २०१७ के बाद से उत्तर प्रदेश में हुई १८३ मुठभेड़ों की जांच का भी अनुरोध किया गया है। दोनों भाइयों की हत्या से पहले अतीक के बेटे असद के शव को दफनाया गया था। असद और उसके एक साथी की १३ अप्रैल को झांसी में पुलिस मुठभेड़ में मौत हो गई थी। उत्तर प्रदेश पुलिस ने शुक्रवार को कहा था कि उसने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अगुवाई वाली सरकार के छह साल में मुठभेड़ों में १८३ कथित अपराधियों को मार गिराया तथा इसमें असद और उसका साथी भी शामिल है। याचिका में अतीक और अशरफ की हत्या की जांच करने के लिए एक स्वतंत्र विशेषज्ञ समिति गठित करने का अनुरोध किया गया है। इसमें कहा गया है, ''उत्तर प्रदेश के विशेष पुलिस महानिदेशक (कानून एवं व्यवस्था) के बयान के मुताबिक २०१७ के बाद से हुई १८३ मुठभेड़ और अतीक तथा अशरफ की पुलिस हिरासत में हत्या की जांच के लिए उच्चतम न्यायालय के किसी पूर्व न्यायाधीश की अगुवाई में एक स्वतंत्र विशेषज्ञ समिति का गठन कर कानून के शासन की रक्षा के लिए निर्देश जारी करें।'' अतीक की हत्या का जिक्र करते हुए याचिका में कहा गया है, ''पुलिस का ऐसा ेत्य लोकतंत्र तथा कानून के शासन के लिए गंभीर खतरा है तथा यह पुलिसिया राज की ओर ले जाता है।'' याचिका में कहा गया है, ''लोकतांत्रिक समाज में पुलिस को अंतिम निर्णय सुनाने का जरिया या दंड देने वाला प्राधिकरण बनने नहीं दिया जा सकता। दंड देने का अधिकार केवल न्यायपालिका को है।'' उसने कहा कि न्यायेत्तर हत्या या फर्जी पुलिस मुठभेड़ की कानून में कोई जगह नहीं है। याचिका के अनुसार, ''जब पुलिस दुस्साहसी बन जाती है तो पूरी कानून व्यवस्था ढह जाती है और लोगों के मन में पुलिस के खिलाफ डर पैदा होता है जो लोकतंत्र के लिए बहुत खतरनाक है तथा इससे और अपराध जन्म लेते हैं।''

# अतीक अहमद की हत्या के बाद कानून व्यवस्था पर योगी ने दी अपनी पहली प्रतिक्रिया

लखनऊ। अतीक अहमद की हत्या के बाद सीएम योगी ने मंगलवार यानी आज पहली बार एक सार्वजनिक कार्यक्रम में नजर आए। इस दौरान उन्होंने अतीक अहमद हत्याकांड के बाद राज्य की कानून व्यवस्था पर अपनी पहली प्रतिक्रिया दी। वहीं मुख्यमंत्री योगी ने सख्त चेतावनी भी दी है, आज इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीएम ने कहा कि माफिया अब किसी को डरा नहीं सकता है। योगी आदित्यनाथ ने कहा, श्उत्तर प्रदेश में निवेश करने वालों के एक-एक पूंजी की सुरक्षा की जायेगी। उत्तर प्रदेश में एक सेमय ऐसा भी आया था, जब उत्तर प्रदेश



के पहचान को खत्म कर दिया गया था। उत्तर प्रदेश के प्रगति किसी से छिपी नहीं है, कानपुर कभी कपडा उघोग का केन्द्र था और फिर से उत्तर प्रदेश की पहचान वापस आ रही है। सीएम ने कहा, श२०१७ से पहले उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था बदतर थी, अब माफिया किसी को डरा नहीं सकता है, अब यूपी के किसी जनपद में दंगा नहीं होता है। हमारी सरकार ने यूपी को दंगामुक्त किया, यूपी में अब कानून का राज है। अब माफिया किसी को धमका नहीं सकता है, मुख्यमंत्री ने कहा छह साल में कोई कर्फ्यू नहीं लगा है, यहाँ अब कानून का राज है, पहले रोजाना दंगा होता था।'

# बीजेपी मेयर प्रत्याशी को सीएम ने दिये चुनाव जीतने के मंत्र

लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी लखनऊ महापौर प्रत्याशी सुषमा खरकवाल ने मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट कर आर्शीवाद प्राप्त किया। सीएम जनसंपर्क में सहभागिता होनी चाहिए। सामाजिक व्यापारिक और धार्मिक संगठनों के साथ बैठक करने के साथ ही विभिन्न सामाजिक वर्गों से संपर्क तेज करने पर जोर दिया।



आवास पर हुई इस भेंट में मुख्यमंत्री योगी ने वार्ड स्तर तक सम्पर्क अभियान चलाने को कहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाएं। विशेकर सभी पार्षद प्रत्याशियों को वार्ड स्तर पर घर-घर संपर्क करना होगा और महापौर प्रत्याशी को भी अधिकतम मुख्यमंत्री योगी ने सभी बड़ी जनसभाओं में स्वयं उपस्थित रहने को कहा। मुख्यमंत्री से भेंट के दौरान राजेश्वरी त्रिपाठी पूर्व क्षेत्रीय महामंत्री अवध क्षेत्र महिला मोर्चा, बीना राज मिश्रा पूर्व क्षेत्रीय उपाध्यक्ष महिला मोर्चा, मीडिया प्रभारी लखनऊ महानगर प्रवीण गर्ग, प्रकाश उपाध्याय पूर्व सह संयोजक चुनाव क्षेत्रीय चुनाव प्रबंधन समिति उपस्थित रहे। वहीं बाद में भाजपा प्रत्याशी सुषमा खरकवाल ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह, प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह और अवध प्रांत प्रचारक कौशल से भी शिष्टाचार भेट की और चुनाव को भारी मतों से जीतने के लिए मार्गदर्शन प्राप्त किया।। इसके बाद सुषमा खरकवाल ने पूर्व पार्षद दल नेता ह्रदय नारायण श्रीवास्तव के जियामऊ निवास और ज्योत्सना श्रीवास्तव के गोमती नगर आवास पर जाकर भेट की । इसके पश्चात प्रदेश के पूर्व मंत्री और सरोजनीनगर सीट से तीन बार के विधायक शारदा प्रताप शुक्ला का निधन जानकारी प्राप्त होने पर बांग्ला बाजार दुर्गा मंदिर में उपस्थित रहकर श्रद्धांजलि अर्पित की और परिजनों से शोक संवेदना व्यक्त की। आवास पर बड़ी संख्या में पहुंच रहे लोगों से भेंट की और सभी से क्षेत्र में लोगों से संपर्क कर भारी मतों से विजई दिलाने के लिए अपील की।

# केकेसी में दो पालियों में हुआ पीठासीन अधिकारियों का प्रशिक्षण

लखनऊ। पीठासीन अधिकारियों का प्रशिक्षण मंगलवार को जयनारायण कालेज केकेसी में दो पालियों में हुआ। जिलाधिकारी सूर्य पाल गंगवार ने कलेज में व्यवस्थाओं का जायजा लेने के साथ प्रशिक्षणार्थियों से संवाद किया। जिलाधिकारी ने बताया कि प्रथम पाली का प्रशिक्षण सुबह ११रू३० बजे से शुरू हुआ। वहीं दूसरी पाली का प्रशिक्षण दोपहर तीन बजे शुरू हुआ। दोनों पालियों में कुल ५५ कार्मिक अनुपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने अनुपस्थित कार्मिकों के विरूद्ध एफआईआर कराने के निर्देश दिए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि ट्रेनिंग लेना सभी कार्मिकों के लिए अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि पी वन और पी फोर अतिरिक्त मतदान अधिकारी दोनों की प्रथम श्रेणी के समकक्ष हैं। पी थ्री चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी है। इसलिए इस बात का संदेह न रहे कि पी फोर में जिनकी ड्यूटी लगी है वे चतुर्थ श्रेणी हैं।

# अशोका की जान बचाने में जुटे हैं चिकित्सक

लखनऊ। नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान का वृद्ध एवं बीमार तेन्दुआ अशोका अब जीवन रक्षक दवाईयों पर जिंदा है। उसने पिछले तीन दिनों से कुछ भी नहीं खाया। उसे प्राणि उद्यान के वन्य जीव चिकित्सकों द्वारा आईवी फ्लूइड के साथ-साथ कई जीवन रक्षक दवाईयां भी दी जा रही हैं। लखनऊ प्राणि उद्यान के वन्य जीव चिकित्सालय में उसका सघन उपचार लगातार चल रहा है। बीते १७ अप्रैल से तेन्दुए ने न तो भोजन ग्रहण किया और न ही पानी। प्राणि उद्यान के निदेशक वीके मिश्र ने बताया कि तेदुए को वन्य जीव चिकित्सकों तथा कीपरों की निगरानी में लगातार रखा गया है। तेंदुए के उपचार कक्ष में गर्मी से बचाव के लिए कूलर लगाया गया है। इसको खाने में नरम गोश्त एवं स्वच्छ जल दिया जा रहा है।

# अवमानना मामला में सुप्रीम कोर्ट ने UP के दो अधिकारियों को तत्काल रिहा करने का दिया आदेश

लखनऊ। सुप्रीम कोर्ट ने अवमानना मामले में इलाहाबाद उच्च न्यायालय के आदेश पर गिरफ्तार किए गए उत्तर प्रदेश के वित्त विभाग के दो सचिवों को तत्काल रिहा करने का बृहस्पतिवार को आदेश दिया। प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति पी. एस. नरसिम्हा की एक पीठ के समक्ष मामले को तत्काल सुनवाई के लिए लाया गया था। राज्य की ओर से पेश हुए अतिरिक्त सलिसिटर जनरल के एम. नटराज ने पीठ को बताया कि उच्च न्यायालय द्वारा एक ''अभूतपूर्व आदेश'' पारित किया गया, जिसके बाद वित्त सचिव और विशेष सचिव (वित्त) को अवमानना घ्मामले में हिरासत में ले लिया गया। मामला उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीशों की सुविधाओं से संबंधित है। नटराज ने कहा कि उच्च न्यायालय ने मामले में राज्य के मुख्य सचिव को जमानती वारंट भी जारी किया है। पीठ ने कहा, ''नोटिस जारी करें। मामला सूचीबद्ध किए जाने की अगली तारीख तक इलाहाबाद उच्च न्यायालय की खंडपीठ के आदेश पर रोक रहेगी....उत्तर प्रदेश सरकार के जिन अधिकारियों को हिरासत में लिया गया है, उन्हें तत्काल रिहा किया जाए।'' पीठ ने शीर्ष अदालत के महासचिव को तत्काल आदेश के अनुपालन के लिए उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार जनरल को आदेश संप्रेषित करने का निर्देश भी दिया।

# हजरतगंज मेट्रो स्टेशन पर तीन दिवसीय कार्निवल कल

लखनऊ। लखनऊ मेट्रो रेल कार्पोरेशन की ओर से हजरतगंज मेट्रो स्टेशन पर २० से २२ अप्रैल तक ३ दिवसीय कार्निवल का आयोजन किया जा रहा है। कार्निवल में हस्त निर्मित उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए स्वयं सहायता समूह व गैर सरकारी संस्थान से जुड़े छोटे,मझौले विक्रेताओं ने करीब १० स्टल लगाए जाएंगे। इन स्टल में जूट बैग,आर्टिफिशियल ज्वैलरी, साज-सजावट के सामान संग अन्य तमाम सामान बिक्री के लिए रखे जाएगें। इस अवसर पर सुशील कुमार प्रबंध निदेशक यूपीएमआरसी ने कहा कि यूपीएमआरसी इससे पहले भी कार्निवल का आयोजन करता रहा है। हम कार्निवल में छोटे व्यापरियों को मंच देने के मकसद से मौका देते हैं जिससे इनके अंदर छुपी प्रतिभा को बाहर लाया जा सके और व्यापार करने के इनके हौसलों को और मजबूत किया जा सके। लखनऊ मेट्रो भविष्य में भी इस ओर और मजबूती से कदम बढ़ाता रहेगा जिससे सबको विकास करने और आगे बढ़ने का मौका मिलता रहे।

# रिटायर होने के बाद कम मिल रही धनराशि

लखनऊ। मंडी परिषद के अधीन कर्मचारियों के अंशदायी भविष्य निर्वाह निधि खाता (सीपीएफ) में करोड़ों रुपये के गोलमाल की आशंका है। इस खाते में जो ध नराशि जमा की जा रही उतनी रिटायर होने के बाद कर्मियों को नहीं मिल रही है। रिटायर होने के बाद ऐसे कई कर्मचारियों ने कटौती की शिकायतें आईजीआरएस पर दर्ज कराई हैं। यह खेल करीब १० साल से चल रहा है। जिसका समाधान जिम्मेदार अधिकारी नहीं कर पाए हैं। दरअसल, मंडी कर्मियों को पेंशन नहीं मिलती है। उनके सीपीएफ खाते खुलवाए जाते हैं। जिसमें विभाग खुद व कर्मचारी के वेतन से आधी-आधी धनराशि काटकर जमा करता है। जो रिटायर होने के बाद कर्मियों को भुगतान की जाती है। लेकिन, ध नराशि में बड़ा अंतर है। जो ससपेंस खाते में जा रही है। सीपीएफ खाते की एक पासबुक कर्मचारी तो दूसरी बैंक के पास होती है। जो कर्मी बराबर अपनी पास बुक अपडेट नहीं करा पाते अंतर उन्हीं की धनराशि में है। जबकि मंडी परिषद से जमा होने वाली धनराशि बैंक पासबुक में अपडेट रहती है। लेकिन, रिटायर के समय कर्मचारियों की पासबुक के आधार पर बैंक भुगतान करती हैं। जिसे नियमावली के तहत बताया जा रहा है। उस समय संबंधित कर्मचारी का खाता बंद हो जाता है। बाद में जब धनराशि में अंतर आता है तो बैंक ब्याज समेत बढ़ी हुई धनराशि ससपेंस खाते में भेज देती हैं। जो कर्मियों न देकर निर्माण व अन्य मदों में खर्च करने की बात कही जा रही है। इस तरह के मामले हैं तो बैंक से बात करनी होगी। हालांकि ऐसी कोई शिकायत नहीं आई है। कर्मचारी यदि शिकायत करते हैं तो उनका बैंक के माध्यम से समाध ाान करेंगे। धनराशि बैंक में ही रहती है...शिवेन्द्र कुमार मिश्रा, वित्त नियंत्रक, मंडी परिषद उप्र।

# भाजपा महापौर प्रत्याशी सुषमा खरकवाल ने लोगों के बीच जाकर पूछा कुशलछेम

लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी लखनऊ महापौर प्रत्याशी सुषमा खरकवाल ने बुधवार को विभिन्न वार्डों में घर -घर जाकर लोगों से जनसंपर्क किया। उन्होंने प्रमुख बाजारों में व्यापारियों से भेंटकर कुशल क्षेम पूछा। ऐतिहासिक विजय हासिल करने के लिए उन्होंने कमल के फूल को विजयी बनाने के लिए क्षेत्रीय वार्ड पार्षद प्रत्याशियों के साथ समर्थन,आर्शीवाद मांगा। जहां महिलाओं ने तिलक लगाकर विजयीभव का आर्शीवाद दिया। खरकवाल ने सुबह लोहिया नगर वार्ड के पार्षद प्रत्याशी राकेश मिश्रा के साथ लेखराज पन्ना विकासनगर में लोगों से मिली उनके साथ बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में मतदान करने की अपील की । इसके पश्चात पूर्व विधानसभा के शंकरपुरवा तृतीय वार्ड के पार्षद प्रत्याशी उमेश सनवाल के साथ पंतनगर में स्थानीय निवासियों से मुलाकातकर समर्थन मांगा। क्षेत्र के प्रभावी मतदाताओं के आवास पर चाय के दौरान क्षेत्र के विकास के संबंध में संवाद और चर्चा की । गुरुनानक नगर वार्ड के पार्षद प्रत्याशी पीयूष दीवान के साथ क्षेत्र के व्यापारियों के बीच पहुंची। उन्होंने व्यापारी वर्ग से नगर निगम



चुनाव के लिए समर्थन मांगा। व्यापारियों ने भी भाजपा को भरपूर समर्थन देने का वादा किया। आलमबाग के हरीश खत्री माई चइस के हंसराज , भूपेंद्र सिंह पिंडा, देवेंद्र सडाना, हरीश छाबड़ा व अन्य व्यापारियों ने भाजपा को पूर्ण समर्थन देने के लिए कहा। सिंधी समाज के वरिष्ठ नेता नानक चंद लखवानी के अस्वस्थ होने की जानकारी मिलने पर आवास जाकर कुशल क्षेम पूछा। इसके उपरांत लाला लाजपत राय वार्ड के प्रत्याशी राघवराम तिवारी के साथ सीएमएस स्कूल सेक्टर-ओ अलीगंज,त्रिवेणी नगर वार्ड के पार्षद देव शर्मा मिश्रा ष्मुन्ना मिश्राष के साथ एकता पुरम पार्क त्रिवेणी नगर के पास जनसंपर्क किया। संपर्क के उपरांत बूथ अध्यक्ष के आवास पर कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर आगामी चुनाव रणनीतियों पर चर्चा की।

# उत्तर रेलवे के जीएम ने पदक विजेताओं को किया सम्मानित

लखनऊ। उत्तर रेलवे के महाप्रबंध ाक शोभन चौधरी ने ३६वीं एशियन कुश्ती चौंपियनशिप के पदक विजेताओं को नई दिल्ली के बड़ौदा



हाउस स्थित प्रधान कार्यालय में सम्मानित किया। अस्ताना, कजाकिस्तान में आयोजित ३६वीं एशियन कुश्ती चौंपियनशिप में अमन सेहरावत (५७ किग्रा भार वर्ग में स्वर्ण पदक विजेता), विकास (७२ किग्रा भार वर्ग में कांस्य पदक विजेता) और कोच परवेश मान को सम्मानित किया। इस अवसर पर पीसीई, एसके पांडे, सचिव एनआरएसए, कौस्तुम्भ मणि, ओएसडी स्पोर्ट्स साक्षी मलिक भी उपस्थित थी। महाप्रबंधक चौधरी ने पदक पहलवानों और कोच को बधाई देते हुए कहा की उन्हें विश्वास है की आगे आयोजित होने वाली विभिन्न प्रतियोगिताओं में और बेहतर प्रदर्शन कर देश का मान बढ़ाए। जीएम ने सभी को अपनी शुभकामनाएं दीं।

# महाप्रबंधक ने गोमतीनगर स्टेशन का निरीक्षण कर ली विकास कार्यो की जानकारी

लखनऊ। पूर्वोत्तर रेलवे के महाप्रबन्धक चन्द्र वीर रमण ने प्रमुख मुख्य इंजीनियर रंजन यादव, लखनऊ मंडल के डीआरएम आदित्य कुमार के साथ बुधवार को गोमतीनगर स्टेशन पर हो रहे विकास कार्यो को देखा, निरीक्षण के दौरान मुख्य परियोजना प्रबन्धक सुधीर सिंह ने गोमतीनगर स्टेशन पर हो रहे आधारभूत संरचनाओं के विकास कार्यो की जानकारी महाप्रबंधक को दिया। उन्होंने बताया कि गोमतीनगर स्टेशन परियोजना के पुनर्विकास कार्यो के क्रम में नर्थ टर्मिनल बिल्डिंग, वाणिज्यिक ब्लक (आर-१ और आर-२) का सिविल फ्रेमिंग कार्य ६६ प्रतिशत पूर्ण कर लिया गया है, फिनिशिंग कार्य जैसे रूफिंग, फ्लोरिंग, अग्निशमन व्यवस्था का कार्य तेजी से चल रहा है। आवागमन फ्लाईओवर के २५ प्रतिशत कार्य को पूरा कर लिया गया है। महाप्रबन्धक को एयर कोनकोर्स और ३३ केवी कनेक्शन



कार्य के बारे में बताया । महाप्रबन्ध ाक ने गोमतीनगर स्टेशन पर विश्वस्तरीय यात्री सेवाओं, आध ाारभूत संरचनाओं के विकास, स्टेशन परिसर की समरूपता की कार्ययोजना की रूप रेखा को तय समय सीमा दिसंबर २०२३ में पूर्ण करने के लिए संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश दिया। जीएम ने बताया कि उच्च प्रशासनिक स्तर पर गहन मनिटरिंग के फलस्वरुप गोमतीनगर स्टेशन पर पुनर्विकसित विकास कार्यो की योजनाओं को बहुत तेजी से क्रियान्वित किया जा रहा है। गोमतीनगर स्टेशन के पुनर्विकसित हो जाने पर यात्रियों को विश्वस्तरीय सुविधाएं मिलने के साथ ही पर्यटन के क्षेत्र को भी बढ़ावा मिलेगा। वर्ल्ड क्लास स्टेशन के रूप में विकसित होने पर प्रदेश की राजधानी का जुड़ाव रेल नेटवर्क के माध्यम से देश के विभिन्न महत्वपूर्ण नगरों दूरदराज के क्षेत्रों से सम्भव हो जायेगा। इस दौरान जीएम के साथ अपर मण्डल रेल प्रबंधक (इंफ्रा) संजय यादव, रेल भूमि विकास प्राधिकरण के मुख्य परियोजना प्रबन्धक सुध ाीर सिंह, उप महाप्रबंधक अमन गुप्ता, सचिव महाप्रबंधक डी.के. खरे, वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्ध ाक, वरिष्ठ मण्डल इंजीनियर (समन्वय), वरिष्ठ मण्डल विद्युत इंजीनियर सामान्य, वरिष्ठ मंडल सिग्नल एवं दूरसंचार इंजीनियर, सहायक मण्डल सुरक्षा आयुक्त समेत अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे ।

# बिजली कटौती ही नहीं लो वोल्टेज भी है समस्या

लखनऊ, अमृत विचार। लखनऊ विद्युत संपूर्ति प्रशासन (लेसा) में करीब ग्यारह लाख विद्युत उपभोक्ता हैं। इन्हें २६ डिवीजनों में बांटा गया है। इन उपभोक्ताओं को आए दिन अघोषित बिजली कटौती से जूझना पड़ता है। लेकिन इनकी यही समस्या नहीं है। ये उपभोक्ता लोवोल्टेज से भी परेशान हैं। राजधानी के चौक, आलमबाग, पीजीआई, चौंपटियां, नादान महल, खुर्रम नगर और गोमती नगर से बड़ी संख्या में लोवोल्टेज की शिकायतें आ रही हैं। चौक के उपभोक्ता जावेद ने बताया कि इलाके में गर्मी आते ही लोवोल्टेज की समस्या बढ़ जाती है। इलेक्ट्रीक उपकरण ठीक से चल नहीं पाता। पंखा तक की चाल काफी धीमी पड़ जाती है। वहीं गोमती नगर के वीरेंद्र कुमार मिश्र ने बताया कि दिन में १० बजते ही बिजली ध ाीमी हो जाती है। एसी, कूलर, पंखा एवं फ्रीज समेत सभी उपकरण धीमें हो जाते हैं। बिजली विभाग के उपकेंद्र पर अवर अभियंता से लेकर खंडीय स्तर पर अधिशासी अभियंता तक से शिकायत की गई किंतु समस्या का कोई निदान न मिला। वर्जन जोन के कई डिवीजनों से लोवोल्टेज की शिकायत आ रही है। सभी अधिशासी अभियंताओं को उपभोक्ताओं की समस्याओं के समाधान के निर्देश दिए गए हैं। साथ में अधिक लाइन हानियों वाले इलाके में विशेष सतर्कता के निदेश हैं। संजय जैन, मुख्य अभियंता, लेसा, सिस गोम।

# सोशल मीडिया को लेकर संवेदनशील रहें अधिकारी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में सुदृढ़ कानून व्यवस्था बनाए रखने को लेकर बुधवार को प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद, पुलिस महानिदेशक आरके विश्वकर्मा और स्पेशल डीजी कानून व्यवस्था प्रशांत कुमार ने सभी एडीजी जोन, मंडलायुक्त, जिलाधिकारी, पुलिस कमिश्नर, आईजी, डीआईजी, एसएसपी–एसपी के साथ समीक्षा बैठक की और सभी को कानून व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा–निर्देश भी दिए। बता दें कि वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हुई बैठक में प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद ने कहा कि बीते सालों में प्रदेश में सभी धर्मों के पर्व और त्योहार शांति और सौहार्द के माहौल के बीच संपन्न हुए हैं। इससे पूरे देश में एक अच्छा संदेश गया है। प्रदेश में हर एक नागरिक की सुरक्षा हम सभी का प्राथमिक दायित्व है। हमें अपने इस दायित्व के प्रति सदैव सतर्क–सावधान रहना होगा। उन्होंने कहा कि रमजान का महीना चल रहा है। आगामी २२ अप्रैल को ईद–उल–फितर, अक्षय तृतीया और परशुराम जयंती का पर्व एक ही दिन होना संभावित है। वर्तमान



परिवेश को देखते हुए पुलिस को अतिरिक्त संवेदनशील रहना होगा। इसके अलावा उन्होंने निर्देश दिए कि हर एक पर्व शांति और सौहार्द के बीच सम्पन्न हों, इसके लिए स्थानीय जरूरतों के ष्टिगत सभी जरूरी प्रयास किए जाएं। शरारतपूर्ण बयान जारी करने वालों के साथ कड़ाई से पेश आएं। माहौल खराब करने की कोशिश करने वाले अराजक तत्वों के साथ पूरी कठोरता की जाए। इसके अलावा प्रमुख सचिव गृह ने सोशल मीडिया को लेकर अधिकारियों को संवेदनशील रहने की जरूरत भी बताई। उन्होंने कहा कि फेक न्यूज पर तत्काल रिस्पॉन्स दें। एक छोटी सी अफवाह माहौल खराब करने का बड़ा कारण बन सकती है। साथ ही अफवाहध्फेक न्यूज का खंडन पुलिस कप्तान जैसे वरिष्ठ अधिकारी द्वारा की जाए। इस दौरान पुलिस महानिदेशक आरके विश्वकर्मा ने सभी जोन रेंज जिला स्तरीय अधिकारियों से आगामी पर्व और त्योहारों को लेकर की गई तैयारियों का ब्यौरा लिया। उन्होंने कहा कि पर्व और त्योहार के बीच सामाजिक सौहार्द बना रहे इसके लिए संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जाए। धार्मिक स्थलों की सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध हों। ड्रोन का उपयोग कर हर स्थिति पर नजर रखें। उन्होंने कहा कि भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में पुलिस बल लगातार गश्त करे। वरिष्ठ अधिकारी भी पेट्रोलिंग में प्रतिभाग करें। हर संदिग्ध गतिविधि ा पर हमारी नजर होनी चाहिए। ११२ जैसी आकस्मिक सेवाओं की उपयोगिता उसके क्विक रिस्पॉन्स पर निर्भर करती है। ऐसे में २४७७ पीआरवी ११२ एक्टिव रहे। उन्होंने कहा कि हर महत्वपूर्ण कार्यक्रम की वीडियोग्राफी जरूर कराई जाए। वहीं स्पेशल डीजी कानून व्यवस्था प्रशांत कुमार ने कहा कि सामाजिक शांति और सौहार्द के लिए पुलिस सतर्क और सावधान रहे। पर्व–त्योहार के बीच कतिपय अराजक तत्व सामाजिक सौहार्द को बिगाड़ने का प्रयास कर सकते हैं, ऐसे लोगों के साथ जीरो टॉलरेंस की नीति के अनुरूप कठोरता से निपटा जाए। बता दें कि समीक्षा बैठक में वाराणसी, अयोध्या, मथुरा, गोरखपुर और लखनऊ जैसे नगरों में ट्रैफिक की बढ़ती समस्या पर भी चर्चा हुई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रमुख सचिव गृह ने सभी मंडलायुक्तों, जिलाधिकारियों, पुलिस कप्तानों को स्थानीय जरूरतों के अनुसार ट्रैफिक प्रबंधन की कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। वहीं, तेज गर्मी के मौसम के बीच सभी शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति सुचारू बनाए रखने के लिए आवश्यक प्रयासों पर बल दिया। इसके अलावा उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि बिजली ट्रांसफार्मर, जर्जर पोल आदि की मरम्मत में कतई देर न की जाए। साथ ही बीमारी से बचाव के लिए साफ–सफाई के बेहतर प्रबंध के निर्देश दिए।

## रोडवेज बस की टक्कर से बाइक सवार दो भाईयों की मौत

कानपुर। चौबेपुर थानाक्षेत्र अंतर्गत बुधवार देर शाम बेला मार्ग पर बादीपुरवा गांव के सामने तेज रफ्तार रोडवेज बस ने बाइक सवार तीन लोगों को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार तीनों युवक उलछकर काफी दूर जा गिरे। घटना में तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस सीएचसी लेकर पहुंची। जहां हालत गंभीर देखते हुए तीनों को हैलट रेफर कर दिया गया। हैलट इमरजेंसी पहुंचते ही डॉक्टरों ने दो सगे भाईयों को मृत घोषित कर दिया। वहीं तीसरे की हालत नाजुक बताई जा रही है। क्षेत्र के बहलीपुर गांव निवासी २४ वर्षीय रवी कठेरिया दिल्ली में मजदूरी करता था। बुधवार देर शाम रवी दिल्ली जाने के लिए निकला था। इस दौरान उसका छोटा भाई २० वर्षीय छोटू व चचेरा भाई २२ वर्षीय दीप सिंह उसे बाइक से चौबेपुर छोड़ने आए थे। जहां से किसी काम को लेकर तीनों रौतापुर बंबा तक गए थे। वहां से वापसी के




दौरान बेला मार्ग पर बादीपुरवा के सामने पीछे से आ रही विकास नगर डिपो की रोडवेज बस ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे वह तीनों बाइक समेत काफी दूर तक घिसटकर गंभीर रूप से लहूलुहान हो गए। हादसे के बाद बस चालक गाड़ी छोड़कर जान बचाते हुए मौके से भाग निकला। हादसे के बाद लोगों की भीड़ जमा हो गई। लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने गंभीर हालत में तीनों घायलों को उपचार के लिए सीएचसी भिजवाया। जहां तीनों रवी उसके भाई छोटू व दीप को तत्काल नाजुक हालत में हैलट रेफर कर दिया गया। इस दौरान हैलट इमरजेंसी पहुंचते ही रवी और उसके सगे भाई छोटू ने दम तोड़ दिया। वहीं चचेरे भाई दीप सिंह की हालत नाजुक बनी हुई है। इस संबंध में थाना प्रभारी जगदीश प्रकाश पांडेय ने बताया कि दुर्घटना करने वाली बस को कब्जे में ले लिया गया है। हादसे में मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। बताया गया है कि रवी शादीशुदा है उसके दो छोटे–छोटे बच्चे हैं।

## आप सांसद संजय सिंह ने किए 10 बड़े वादे

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के नगरीय निकाय चुनाव में लखनऊ नगर निगम के लिए आम आदमी पार्टी ने अपनी प्रचार रणनीति तैयार कर ली है। श्आपश् सांसद संजय सिंह ने बताया कि लखनऊ निकाय चुनाव में हमारी रणनीति तैयार हो गई है। इस दौरान उन्होंने बीजेपी पर भी जमकर हमला बोला। 'आप' के यूपी प्रभारी संजय सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश के सभी नगर निगम और नगर पालिका में हाउस टैक्स के नाम पर जनता के साथ लूटपाट की जाती है। हाउस टैक्स ठीक करने के नाम पर रिश्वत खाई जाती है इसलिए निकाय चुनाव में आम आदमी पार्टी ने श्हाउस टैक्स माफश् का नारा दिया है। साथ ही मनमाने तरीके से भेजे जाने वाले पानी के बिलों पर भी आम आदमी पार्टी मुक्ति दिलाएगी और पानी टैक्स को माफ किया जायेगा। बता दें कि राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने निकाय चुनाव को लेकर वादा किया कि जिस दिन आम आदमी पार्टी की लखनऊ से मेयर उम्मीदवार अंजू भट्ट मेयर चुनी जाएंगी। उस दिन लखनऊ की जनता पुराने हाउस टैक्स का बकाया बिल फाड़ कर फेंक दें। इस दौरान उन्होंने एलान किया कि जितना भी हाउस टैक्स बकाया होगा, उसको माफ कर दिया जाएगा। इसके अलावा उन्होंने बताया कि हर वार्ड में मोहल्ला क्लीनिक बनाए जाएंगे, जहां मुफ्त इलाज होगा, झाडू चलाकर शहर साफ बनाएंगे, नगर निगम स्कूलों को १ साल में ठीक किया जाएगा, रेहड़ी–पटरी वालों से अवैध वसूली बंद करवाएंगे और केंद्र सरकार के एक्ट को लागू करेंगे। संजय सिंह ने आगे कहा कि व्यापारियों को रिश्वतखोरी से मुक्ति दलाएंगे, राजनीतिक कारणों से दुर्दशा झेल रहे पार्कों को बेहतर किया जाएगा, आवारा पशुओं के लिए बेहतर व्यवस्था करेंगे। वहीं उन्होंने नगर निगम की सड़कों को गड्ढा मुक्त बनाने की भी बात कही। साथ ही नालियों को ठीक करने, अवैध पार्किंग और अतिक्रमण के नाम पर किए जाने वाले वसूली के धंधे को बंद करवाने को भी कहा।

## गेहूं खरीद के लिए १ अप्रैल को छह जिलों में खुले थे १७ केंद्र

लखनऊ। गेहूं खरीद के लिए खोले गए मंडी परिषद के केंद्र बोहनी तक को तरस गए हैं। छह जिले में संचालित १७ केंद्रों में सिर्फ एक में खरीद हो सकी है। जबकि अन्य में बाजार भाव ज्यादा होने के कारण सन्नाटा छाया है। मंडी परिषद को प्रदेशभर में १५० गेहूं खरीद केंद्र खोलने का लक्ष्य मिला है। जिसमें ६७ केंद्र स्वींत है। जबकि १ अप्रैल से गाजीपुर व बलिया में चार–चार केंद्र, अंबेडकर नगर व चित्रकूट में एक–एक केंद्र, मिर्जापुर में दो व हरदोई में पांच केंद्र खोलकर योजना की शुरुआत की गई थी। यह सभी केंद्र किसानों की सुविधा के लिए मंडी समिति परिसर में संचालित हैं। लेकिन, बोहनी तक नहीं हो पाई है। सिर्फ बलिया की मंडी में संचालित एक केंद्र पर ६.६० मीट्रिक टन गेहूं खरीदा जा सका है। जबकि १६ केंद्रों पर सन्नाटा छाया है। इसकी




वजह समर्थन मूल्य २१२५ रुपये क्विंटल है। जबकि बाजार भाव इससे अधिक है। दूसरी वजह यह भी बताई जा रही कि बारिश व ओलावृष्टि से गेहूं की गुणवत्ता प्रभावित हुई है। जो सरकारी खरीद के मानकों में खरा नहीं उतर रहा है। इस वजह से अन्य प्रस्तावित केंद्र भी खोलना भी घाटे का सौदा है। प्रदेश भर में करीब ६० लाख मीट्रिक टन गेहूं खरीद का मिला है। शाखा विपणन, पीसीएफ, एफसीआई समेत अन्य सरकारी संस्थाओं ने केंद्र खोले हैं। जहां अधिकांश जगह १०० क्विंटल से अधिक गेहूं बेचने का सत्यापन एडीएम के पोर्टल पर लंबित है। इस कारण केंद्र प्रभारी अपनी खरीद बढ़ाने के लिए किसानों से ऑफलाइन गेहूं खरीद कर रहे हैं। लेकिन, यह खरीद ऑनलाइन रिकॉर्ड में नहीं जुड़ रही है। इस कारण किसान परेशान हैं।

## ट्रक की टक्कर से टुकड़े–टुकड़े हुआ ट्रैक्टर

अयोध्या। इनायतनगर थाना क्षेत्र के बारुन बाजार में बुधवार सुबह तेज रफ्तार ट्रक चालक ने चीनी मिल से गन्ना तुलवा कर लौट रहे ट्रैक्टर–ट्राली में जोरदार टक्कर मार दिया। जिसके चलते ट्रैक्टर के कई खण्ड हो गए। ट्रैक्टर चालक ने ट्रैक्टर से कूदकर अपनी जान बचाई। ट्रक चालक बारुन बाजार में ट्रक खड़ा कर मौके से भाग निकला।तरमा निवासी पूर्व प्रधान अरविंद सिंह का ट्रैक्टर चालक श्यामलाल ट्रैक्टर से गन्ना लेकर मसौधा चीनी मिल गया था। वह गन्ना तौल करा कर वापस घर लौट रहा था और बुधवार की सबह करीब ५ बजे बारुन बाजार स्थित फोरलेन कट से अपने गांव की तरफ मुड़ा ही था कि कुमारगंज की तरफ से तेज रफ्तार से आ रहे ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दिया। ट्रैक्टर चालक श्यामलाल ने डिवाइडर कूद कर अपनी जान बचाई।

# कोरोना वायरस से होने वाली मौतों का सिलसिला थम नहीं रहा

लखनऊ। कोरोना वायरस से होने वाली मौतों का सिलसिला थम नहीं रहा है। मंगलवार को एक और संक्रमित महिला ने केजीएमयू में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया है। डेढ़ सप्ताह के भीतर कोरोना



से यह चौथी मौत है। चिनहट निवासी ४६ साल की महिला को सांस लेने में तकलीफ हुई। देखते–देखते महिला की सांसें उखड़ने लगी। परिजनों के मुताबिक आनन–फानन में उसे गंभीर अवस्था में स्थानीय अस्पताल में दिखाया गया। डक्टरों ने कोविड की आशंका जाहिर की। नौ अप्रैल को उसे किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू) में भर्ती कराया गया। जहां उसे ऑक्सीजन सपोर्ट पर रखना पड़ा। कोविड की आशंका में डॉक्टरों ने जांच कराई। रिपोर्ट पॉजिटिव आने पर मरीज को वेंटिलेटर पर रखा गया। डॉक्टरों का कहना है कि मरीज पहले से ही डर्माटोमायोजिटिस व हाइपरटेंशन की बीमारी से ग्रसित थी। डेढ़ सप्ताह में चार कोरोना संक्रमितों की मौत से स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों में हड़कंप मच गया है। वायरस के लगातार हमलावर होने के कारणों का स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कारण पता नहीं कर पा रहे हैं। हालांकि डक्टरों का कहना है कि पुरानी बीमारी से पीड़ितों में वायरस जल्द गंभीर हो रहा है। लिहाजा पुराने रोगियों को अधिक संजीदा रहने की जरूरत है।

# अगले दो दिनों तक तेज धूप करेगी परेशान

लखनऊ। बीते चार दिनों से गर्मी का सितम और बढ़ गया है। सुबह से ही तेज धूप के चलते बाहर निकलने पर गर्मी का एहसास होता है। मौसम विभाग के अनुसार राज्य के ज्यादातर जिलों में अधिकतम तापमान ४० डिग्री के आसपास पहुँच रहा है। भारतीय मौसम विभाग (IMD) के पूर्वानुमान के मुताबिक लखनऊ समेत प्रदेश के कई जिलों में अगले दो दिनों तक लू चलने से तापमान ऐसे ही बना रहेगा। मौसम सिभग के अनुसार दिन में अधिकतम तापमान ४० डिग्री रह सकता है तो वहीं रात का तापमान भी ३० से ३२ डिग्री सेल्सियस रहने के आसार हैं। पूर्वानुमान के अनुसार आज राजधानी मे मौसम बिल्कुल साफ रहेगा।

# बिना स्वीकृत मानचित्र के निर्माण पर चला एलडीए का बुलडोजर

लखनऊ। मोहान रोड योजना व आसपास क्षेत्र में बिना स्वीकृत मानचित्र के किए गए निर्माण पर लखनऊ विकास प्राधिकरण का बुलडोजर चला। पहले दिन अभियान की शुरुआत कर करीब ३० बीघा में कॉलोनी विकसित कालोनी विकसित की जा रही थी। इसी तरह प्रापर्टी डीलर कमलेश कुमार द्वारा मौदा रोड पर लगभग आठ बीघा जमीन पर कालोनी विकसित करने को लेकर नींव, बाउंड्रीवाल, सड़क, नाली, कार्यालय आदि बनाया गया था।



इसके अलावा प्रापर्टी डीलर बचान सिंह यादव व अन्य द्वारा पारा थानाक्षेत्र के अंतर्गत ग्राम–मौदा में १२ बीघा जमीन पर गलत तरह से निर्माण किया गया था। जो सहायक अभियंता वाईपी सिंह व अवर करने को किया गया निर्माण ध्वस्त किया गया। यह कार्रवाई कमेटी की जांच रिपोर्ट पर की गई। मंगलवार को उपाध्यक्ष डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी के निर्देश पर जोन–३ के अंतर्गत मोहान रोड योजना व उसके आसपास क्षेत्र में अभियान चला। जोनल अधिकारी डॉ. अरुण कुमार सिंह ने बताया कि काकोरी थानाक्षेत्र में मौदा रोड पर सारंग प्रापर्टी नाम से इरशाद हुसैन द्वारा करीब १० बीघा जमीन पर बिना मानचित्र के प्लाटिंग कर अभियंता भरत पांडेय ने प्राधिकरण व स्थानीय थाने की पुलिस बल के साथ निर्माण ध्वस्त कर दिया। अन्य प्रापर्टी डीलरों पर इसी तरह कार्रवाई करेंगे। उपाध्यक्ष ने बताया कि जो भी बिना तलपट मानचित्र के प्लाटिंग चिह्नित की जा रही हैं, वहां ध्वस्तीकरण कराने के साथ प्राधिकरण लोगों को सचेत करने के लिए ऐसे स्थलों पर बोर्ड लगाएगा। जिससे की अवैध रूप से विकसित किए जा रहे भूखंड की खरीद–फरोख्त न कर सकें।

# विश्व धरोहर दिवस के मौके पर छायाचित्र प्रदर्शनी कला दर्शन आयोजन

लखनऊ। विश्व धरोहर दिवस के मौके पर राज्य संग्रहालय लखनऊ द्वारा महत्त्वपूर्ण कलोंतियों पर आधारित छायाचित्र प्रदर्शनी कला दर्शन आयोजन किया गया, जिसका उदघाटन राष्ट्रपति सम्मान से सम्मानित वरिष्ठ चित्रकार मो. शकील ने किया। मो. शकील ने बताया कि लघुचित्र भारतीय शास्त्रीय परंपरा की अमूल्य धरोहर है। इससे बड़ी धरोहर दुनिया में क्या हो सकती है। इसको जो संभालकर रखने वाले हैं,वो अनूठा इतिहास रचते हैं। ऐसी धरोहरें हमारी सभ्यता का प्रतीक हैं, यह संग्रहालय में हमें आज भी देखने को मिल जाती है। देश हमेशा विश्व गुरु रहा है, इन्हीं धरोहरों की वजह से हमेशा विश्वगुरु रहेगा। प्रदर्शनी में समुद्र मंथन, भगीरथ द्वारा शिव स्तुति, राम एवं हनुमान द्वारा उमा–महेश्वर की स्तुति, शेषशायी विष्णु वामनावतार, नृसिंह अवतार बलराम द्वारा यमुनाकर्षण, हरिहर आदि दृट्व्य हैं। उन्होंने बताया कि प्रदर्शनी का अवलोकन करने पर सहजता से अनुमान लगाया जा सकता है कि कलोंतियां अपनी शैलीगत विशिष्टता को समाहित किये हुए तत्कालीन सामाजिक, आर्थिक एवं धार्मिक स्थिति को दर्शाने के साथ ही आम जनमानस को भारतीय धर्म एवं



संसेंति के गूढ़ तत्व ज्ञान का भी बोध कराती हैं। प्रदर्शित कलोंतियों के माध्यम से दर्शकों को राज्य संग्रहालय में संग्रहीत ऐतिहासिक एवं सांसेंतिक विरासत से परिचित कराने का प्रयास किया गया है। इस मौके पर सहायक निदेशक अल शाज फातमी, सहायक निदेशक डॉ. तृप्ति राय, डॉ. अनिता चौरसिया, शशिकला राय, शालिनी श्रीवास्तव एवं गायत्री गुप्ता उपस्थित रहे। मानव सभ्यता से जुड़ी धरोहरों को जन सामान्य के मध्य जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से विश्व पटल पर प्रत्येक वर्ष १८ अप्रैल को विश्व धरोहर दिवस मनाया जाता है। धरोहर एवं संस्कृति को संरक्षित करना तथा नयी पीढ़ी को अपनी गौरवमयी धरोहर से परिचित कराने के साथ ही उसे सरंक्षित करने के लिए प्रोत्साहित करना है। धारोहर गौरवशाली इतिहास के अस्तित्व का जीवन्त प्रमाण है और वर्तमान में अतीत की साक्षात हस्ताक्षर है।

# अतीक और अशरफ की हत्या को लेकर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने यूपी पुलिस को जारी किया नोटिस

लखनऊ। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने उत्तर प्रदेश पुलिस को नोटिस जारी किया है। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने पुलिस महानिदेशक और प्रयागराज के पुलिस आयुक्त को नोटिस जारी कर ४ हफ्तों में जवाब मांगा है। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने यह नोटिस प्रयागराज में अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की पुलिस कस्टडी में हुई हत्या के मामले में भेजा है। दरअसल, राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने अतीक और अशरफ हत्याकांड का संपूर्ण विवरण मांगा है। इस नोटिस के बाद यूपी पुलिस को आयोग को अतीक और अशरफ की गिरफ्तारी की जगह और समय भी बताना होगा। साथ ही गिरफ्तारी का कारण भी बताना है। इसके अलावा यह भी बताना होगा कि गिरफ्तारी के बारे में जानकारी अतीक और अशरफ के घरवालों को दी गई थी या नहीं।

# राज्य सड़क परिवहन निगम निदेशक मंडल की २४४ वीं बैठक हुई आयोजित

लखनऊ। राज्य सड़क परिवहन निगम निदेशक मंडल की २४४ वीं बैठक मंगलवार को अध्यक्ष एल वेंकटेश्वर लू की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में ११ प्रस्तावों पर सहमति दी गई। परिवहन निगम के चिन्हित बस स्टेशनों को पीपीपी मडल पर विश्वस्तरीय बस पोर्ट के रूप में विकसित किया जायेगा, इसके लिए नेशनल हाइवेज लजिस्टिक मैनेजमेंट लिमिटेड के साथ विशेष प्रयोजन साधन एसपीवी गठन किया जायेगा। इसके अलावा १०० इलेक्ट्रिक बसों को चिन्हित मार्गों पर चलाये जाने के लिए मंजूरी दी गयी। इन बसों को २५० किमी प्रतिदिन न्यूनतम चलाने और मिड सेगमेंट के लिए निर्धारित प्रशासनिक शुल्क में ५० प्रतिशत की छूट प्रदान करने का अनुमोदन प्रदान किया गया। परिवहन निगम के १० रिक्त स्थानों पर पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप मॉडल पर इलेक्ट्रिक व्हीकल चार्जिंग स्टेशन बनाने के प्रस्ताव पर मुहर लगी। यह चार्जिंग स्टेशन सरकार की ओर से जारी यूपी इलेक्ट्रिक मैन्यूफैक्चरिंग एवं मोबिलिटी पॉलिसी २०२२ में दिये गये प्राविधानों के तहत स्थापित किये जायेगें। परिवहन निगम में विधि प्रभारी के ६ पदों पर ३ वर्ष का न्यायालय में कार्य करने का अनुभव प्राप्त विधि स्नातकों को विधि प्रभारी पद पर आउटसोर्सिंग के माध्यम से निर्धारित मानदेय पर रखा जायेगा। इसी प्रकार ३२ डिपो प्रभारी (संचालन) २६ डिपो प्रभारी (प्राविधिक) के पदों पर आउटसोर्सिंग के माध्यम से भरे जायेंगे। नियमित महिला परिचालकों को गर्भावस्था की अवधि के दौरान कार्यालय में लिपिकीय कार्य के लिए सम्बद्ध किया जायेगा। यह सुविधा सेवा काल में २ बार दी जाएगी। संविदा परिचालकों को आउटसोर्सिंग के माध्यम से रखा जायेगा । भारत स्काउट एण्ड गाईड के राज्य पुरस्कार और राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त व एनसीसी बी सर्टिफिकेट धारकों को १५ प्रतिशत अतिरिक्त वेटेज मिलेगा। इज्जत नगर बरेली, बेवर डिपो में निर्माण कार्य की स्वीकृति प्रदान की गयी। इसके अलावा बसों के रख–रखाव के लिए डिपो स्तर पर स्पेयर पार्ट्स अथवा टायर पंचर को अनुमन्य ५ पैसे प्रति किमी को ७ पैसे प्रति किमी भुगतान करने का अनुमोदन हुआ। एसी मिड सेगमेंट श्रेणी की अनुबन्धित बसों की योजना २०२२ में मार्ग परिवर्तन, २ बाई २ के साथ–साथ २बाई ३ के सीट विन्यास एवं स्वामित्व परिवर्तन संबंधी प्राविधान योजना में जोड़े जाने का अनुमोदन हुआ। बैठक में संजय कुमार प्रबन्ध निदेशक, परिवहन विभाग, वित्त विभाग, नियोजन विभाग सार्वजनिक उद्यम ब्यूरो के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री योगी को सोशल मीडिया पर मिली गोली मारने की धमकी

बागपत। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को गोली मारने की धमकी संबंधी पोस्ट यहां सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद



पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि विवेचना के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। उसके अनुसार प्राथमिक जांच में यह बात सामने आई है कि आरोपी बागपत का रहने वाला नही है। बागपत कोतवाली पुलिस के मुताबिक अमन रजा नामक एक व्यक्ति ने फेसबुक पर मुख्यमंत्री को गोली मारने की धमकी से संबंधित संदेश डाला है। इस स्क्रीनशाट को टैग करते हुए ट्विटर अकाउंट नितिन तोमर द्वारा मुख्यमंत्री, पुलिस महानिदेशक एवं अन्य अधिकारियों को ट्वीट किया गया। उपनिरीक्षक विनोद कुमार ने सोमवार को इस मामले में कोतवाली में सूचना मुकदमा दर्ज कराया। बागपत पुलिस क्षेत्राधिकारी डी के शर्मा ने बताया कि अमन रजा के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और मामले की विवेचना के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। उनके अनुसार प्राथमिक जांच में सामने आया कि अमन रजा झारखंड का निवासी है।

# पूर्व मंत्री शारदा प्रताप शुक्ला का निधन, विधायक राजेश्वर सिंह ने ट्वीट कर जताया शोक

लखनऊ। लखनऊ सरोजनीनगर विधानसभा सीट से तीन बार के विधायक रहे शारदा प्रताप शुक्ला का मेदांता अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया है। जानकारी के मुताबिक वे लंबे समय से बीमार चल रहे थे। उनका इलाज मेदांता अस्पताल में चल रहा था। वे करीब ७७ वर्ष के थे। पूर्व विधायक के निधन की खबर मिलते ही समर्थकों में शोक की लहर दौड़ गई। बता दें कि शारदा प्रताप शुक्ला सरोजनीनगर क्षेत्र के लोकप्रिय नेताओं में गिने जाते थे। सरोजनीनगर के रहीम नगर इलाके के पड़ियाना गांव निवासी शारदा प्रताप शुक्ला ने राजनीति



के मैदान में काफी दूरी तय की। उनके निधन पर लखनऊ के भाजपा नेताओं ने शोक जताया है। शारदा प्रताप शुक्ला के निधन पर सरोजनीनगर के मौजूद विधायक राजेश्वर सिंह ने शोक जताया है। उन्होंने ट्वीट में लिखा कि स्तब्ध हूं, निशब्द हूं। सरोजनीनगर भाजपा परिवार ने अपने वरिष्ठ सदस्य को खो दिया है। पूर्व मंत्री शारदा प्रताप शुक्ला का निधन मेरे लिए व्यक्तिगत क्षति है। विधायक ने शोक प्रकट करते हुए कहा कि इस दुख की घड़ी में मेरी संवेदना शोक संपप्त परिजनों के साथ है। ईश्वर पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें।

# भारत में कोरोना से ११ लोगों की मौत

नई दिल्ली। भारत में एक दिन में कोरोना वायरस संक्रमण के ७,६३३ नए मामले सामने आने के बाद देश में अभी तक संक्रमित हुए लोगों की संख्या बढ़कर ४,४८,३४,८५६ हो गई। वहीं देश में उपचाराधीन मरीजों की संख्या बढ़कर ६१,२३३ पर पहुंच गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से मंगलवार को सुबह आठ बजे जारी अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, संक्रमण से दिल्ली में चार और हरियाणा, कर्नाटक तथा पंजाब में एक–एक मरीज की मौत के बाद देश में कोरोना वायरस संक्रमण से जान गंवाने वाले लोगों की संख्या बढ़कर ५,३१,१५२ हो गई। वहीं संक्रमण से मौत के आंकड़ों का पुनरूमिलान करते हुए केरल ने वैश्विक महामारी से दम तोड़ने वाले मरीजों की सूची में चार नाम और जोड़े हैं। अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, देश में अभी ६१,२३३ लोगों का कोरोना वायरस संक्रमण का इलाज चल रहा है, जो कुल मामलों का ०.१४ प्रतिशत है। मरीजों के ठीक होने की राष्ट्रीय दर ६८.६८



प्रतिशत है। अभी तक कुल ४,४२,४२,४७४ लोग संक्रमण मुक्त हो चुके हैं, जबकि कोविड–१६ से मृत्यु दर १.१८ प्रतिशत है। स्वास्थ्य मंत्रालय की वेबसाइट के अनुसार, भारत में राष्ट्रव्यापी टीकाकरण अभियान के तहत अभी तक कोविड–१६ रोधी टीकों की २२०,६६,२७,२७१ खुराक लगाई जा चुकी हैं। गौरतलब है कि भारत में सात अगस्त २०२० को कोरोना वायरस संक्रमितों की संख्या २० लाख, २३ अगस्त २०२० को ३० लाख और पांच सितंबर २०२० को ४० लाख से अधिक हो गई थी। संक्रमण के कुल मामले १६ सितंबर २०२० को ५० लाख, २८ सितंबर २०२० को ६० लाख, ११ अक्टूबर २०२० को ७० लाख, २६ अक्टूबर २०२० को ८० लाख और २० नवंबर को ६० लाख के पार चले गए थे। देश में १६ दिसंबर २०२० को ये मामले एक करोड़ से अधिक हो गए थे। चार मई २०२१ को संक्रमितों की संख्या दो करोड़ और २३ जून २०२१ को तीन करोड़ के पार पहुंच गई थी। पिछले साल २५ जनवरी को संक्रमण के कुल मामले चार करोड़ के पार चले गए थे।

# दिल्ली की अदालत ने गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई को ७ दिन की एनआईए हिरासत में भेजा

नई दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने मंगलवार को गैंगस्टर लरेंस बिश्नोई को राष्ट्रीय जांच एजेंसी की सात दिन की हिरासत



में भेज दिया है। पटियाला हाउस कोर्ट के समक्ष सूचीबद्ध, न्यायाधीश ने एजेंसी से हिरासत की अवधि समाप्त होने पर सबूत पेश करने को कहा है। सोमवार को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश धर्मेश शर्मा की अदालत ने अधिकारियों को बिश्नोई को मंगलवार को पेश करने का निर्देश दिया था। एनआईए ने बिश्नोई को पिछले साल दर्ज एक मामले के सिलसिले में पूछताछ के लिए सोमवार को पंजाब से दिल्ली लाकर अदालत में पेश किया था। बिश्नोई फिलहाल बठिंडा सेंट्रल जेल में बंद है। अदालत ने ११ अप्रैल को एनआईए द्वारा राज्य के खिलाफ युद्ध छेड़ने, राज्य के खिलाफ युद्ध छेड़ने की साजिश, गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज मामले में बिश्नोई को पेश करने के लिए पेशी वारंट जारी किया था। उपरोक्त मामला एनआईए अदालत के समक्ष लंबित है। आरोपपत्र पहले ही दायर किया जा चुका है। उन्हें अन्य आपराधिक मामलों में भी नामजद किया गया है।

# एलडीए उपाध्यक्ष डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी एसडीएम मोहनलालगंज हनुमान प्रसाद मौर्या के साथ सड़क पर उतरे

लखनऊ। लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी एसडीएम मोहनलालगंज हनुमान प्रसाद मौर्या के साथ सड़क पर उतरे। सुलतानपुर रोड व न्यू जेल रोड का निरीक्षण कर बिना मानचित्र के विकसित की जा रही २० कॉलोनी चिह्नित की। ध्वस्तीकरण के साथ प्रॉपर्टी डीलरों पर एफआईआर कराने के आदेश दिए। बुधवार दोपहर अफसरों की टीम सुशांत गोल्फ सिटी पहुंची। जिसके पीछे वीके उपाध्याय द्वारा कान्हा उपवन नाम से बिना मानचित्र के बसायी जा रही कालोनी का निरीक्षण किया गया। इसके बाद न्यू जेल रोड पर एडीवी इन्फ्राटेक एंड हाउसिंग प्राइवेट लिमिटेड द्वारा की जा रही प्लाटिंग का सर्वे किया गया। जो बिना मानचित्र के पाई। इसी क्रम में न्यू जेल रोड पर गंगोत्री सिटी का निरीक्षण किया गया, जहां जानकारी करने पर पता चला कि यह कालोनी आदेश सक्सेना व आशीष श्रीवास्तव द्वारा विकसित की जा रही है। सभी के साइट आफिस में जाकर प्रापर्टी डीलर व उनके एजेंटों से तलपट मानचित्र के सम्बंध में पूछताछ की। साथ ही बेचे गये भूखंडों का ब्योरा तलब किया। गलत तरह से



प्लाटिंग व रो–हाउस भवनों के निर्माण पर प्रवर्तन अधिकारियों को फटकार लगाई और जांच के आदेश दिये हैं। जिस पर नाराजगी जताते हुए सोमवार से संबंधित जोनल अधिकरी को विशेष अभियान चलाकर ध्वस्तीकरण करने के साथ प्रापर्टी डीलरों पर एफआईआर दर्ज कराने के आदेश दिए। इधर, न्यू जेल रोड पर राइजिंग कंस्ट्रक्शन ग्रुप के विशाल शुक्ला व उनके पिता महेन्द्र शुक्ला द्वारा कई बीघा जमीन पर की जा रही प्लाटिंग चिन्हित की। इस रूट पर कई बीघा जमीन पर आर्शीवाद लॉन बना पाया। जिसका मानचित्र स्वीकृत नहीं था। तालाब व चकरोड, सरकारी भूमि पर इन प्रॉपर्टी डीलरों द्वारा कब्जा पाया। इस पर मोहनलालगंज एसडीएम को एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए। इस दौरान कुल २० प्लाटिंग चिन्हित की गयीं। सुलतानपुर रोड पर मनीष सिंह द्वारा तक्ष्या सिटी नाम से की जा रही प्लाटिंग, पंकज यादव द्वारा की जा रही प्लाटिंग, आदित्यपुरम व भूमि विकास हाउसिंग लिमिटेड कंपनी द्वारा की जा रही प्लाटिंग नियम विरुद्ध पाई। इस पर उपाध्यक्ष ने कालोनियों के साइट ऑफिस में जाकर ब्रोशर/पैम्फलेट आदि सामाग्री जब्त कर ली। जिसमें आम जनता को फंसाने के लिए लुभावने ऑफर दर्शाए गए थे। जिनमें ६०० रुपये वर्गफुट से लेकर २४६६ रुपये वर्गफुट तक भूखंड बेचे जा रहे थे।

# सुप्रीम कोर्ट और सीएम योगी को भेजी जा रही अतीक की चिट्ठी

प्रयागराज। माफिया अतीक अहमद की चिट्ठी बंद लिफाफे में माननीय उच्चतम न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के पास भेजी जा रही है। अतीक अहमद के वकील विजय मिश्रा ने यह पुष्टि की है।



विजय मिश्रा ने 'एक न्यूज एजेंसी'को बताया, "अतीक अहमद ने कहा था कि यदि उनके साथ कोई दुर्घटना होती है या उनकी हत्या होती है तो बंद लिफाफे में एक चिट्ठी उच्चतम न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश और प्रदेश के मुख्यमंत्री के पास जाएगी।" उन्होंने कहा, "वह चिट्ठी न तो मेरे पास है और न ही मेरे द्वारा भेजी जा रही है। वह चिट्ठी कहीं और रखी गई थी और किसी और व्यक्ति द्वारा भेजी जा रही है। इस चिट्ठी में क्या लिखा है, इसकी मुझे कोई जानकारी नहीं है।" उल्लेखनीय है कि शनिवार की रात शाहगंज थानाक्षेत्र में मोतीलाल नेहरू मंडलीय चिकित्सालय के भीतर अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की तीन लोगों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। यह हत्या उस समय की गई जब अतीक और अशरफ पुलिस हिरासत में चिकित्सा जांच के लिए अस्पताल के भीतर दाखिल हो रहे थे।

# दिल्ली शराब नीति मामले में अभी सिसोदिया को राहत नहीं, न्यायिक हिरासत एक मई तक बढ़ी

नई दिल्ली। दिल्ली शराब नीति २०२१–२२ में कथित अनियमितताओं के मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की अलग–अलग गिरफ्तारी के बाद तिहाड़ जेल में बंद आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत सोमवार को एक मई तक के लिए बढ़ा दी गयी। राउज एवेन्यू स्थित एम. के. नागपाल की विशेष अदालत ने ईडी की ओर से दर्ज मनी लन्ड्रिंग के मामले में श्री सिसोदिया की न्यायिक हिरासत बढ़ाने का आदेश पारित किया। विशेष अदालत ने इससे पहले पांच अप्रैल को ईडी के अनुरोध पर उनकी न्यायिक हिरासत अवधि १७ अप्रैल तक के लिए बढ़ा दी थी। इससे पहले इस अदालत ने तीन अप्रैल को आरोपी नेता को सीबीआई की ओर से दर्ज मामले में भी १७ अप्रैल तक न्यायिक हिरासत में भेजने का आदेश दिया था। विशेष अदालत ने आबकारी नीति में कथित अनियमितताओं के मामले में सीबीआई की ओर से दर्ज प्राथमिकी में श्री सिसोदिया की जमानत याचिका ३१ मार्च को खारिज कर दी थी। इसके बाद उन्होंने दिल्ली उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था। दिल्ली उच्च न्यायालय ने श्री सिसोदिया की जमानत याचिका पर छह अप्रैल को सीबीआई को नोटिस जारी किया। उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति दिनेश कुमार शर्मा की एकल पीठ ने सीबीआई को दो सप्ताह के भीतर अपना जवाब दाखिल करने का निर्देश देते हुए कहा कि वह इस मामले की अगली सुनवाई २० अप्रैल को करेगी। गौरतलब है कि पूर्व उपमुख्यमंत्री को सीबीआई ने लंबी पूछताछ के बाद २६ फरवरी को गिरफ्तार किया था। सीबीआई ने आरोप लगाया था कि सिसोदिया जांच में सहयोग नहीं कर रहे थे, इसीलिए उन्हें गिरफ्तार किया गया। बाद में श्री सिसोदिया को




विशेष अदालत में पेश किया गया था, जहां उन्हें सीबीआई के अनुरोध पर चार मार्च तक केंद्रीय जांच एजेंसी की हिरासत में भेजा गया था, जिसकी अवधि समाप्त होने पर दो दिन की और सीबीआई हिरासत में भेजने का आदेश दिया गया था। सीबीआई हिरासत समाप्त होने के बाद उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया था। सीबीआई मामले में न्यायिक हिरासत के दौरान ईडी ने श्री सिसोदिया से पूछताछ की थी। बाद में विशेष अदालत ने ईडी की याचिका पर उन्हें उसकी हिरासत में भेजा दिया था। श्री सिसोदिया को ईडी की हिरासत खत्म होने के बाद इस मामले में भी न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया था। शीर्ष अदालत ने २८ फरवरी को श्री सिसोदिया की रिट याचिका खारिज करते हुए कहा था कि याचिकाकर्ता दिल्ली उच्च न्यायालय के समक्ष गुहार लगा सकता है। उन्होंने अपनी गिरफ्तारी और सीबीआई की जांच के तरीकों पर सवाल उठाते हुए राहत की उम्मीद में शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाया था। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा की पीठ ने संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद श्री सिसोदिया की याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया था। शीर्ष अदालत से राहत नहीं मिलने पर श्री सिसोदिया ने बाद में उसी दिन उप मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था, जिसे स्वीकार कर लिया गया था। सीबीआई ने १७ अक्टूबर २०२२ को उनसे पूछताछ की थी। एजेंसी ने १७ अगस्त २०२२ को श्री सिसोदिया और अन्य १४ लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की थी। गौरतलब है कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से भी रविवार १६ अप्रैल को सीबीआई ने नई दिल्ली स्थित अपने मुख्यालय में इसी मामले में पूछताछ की थी। श्री केजरीवाल का कहना है कि सीबीआई ने उनसे नौ घंटे तक पूछताछ की, जिसमें ५६ सवाल किए गए थे।

## संपत्ति दस्तावेज को आधार से जोड़ने की याचिका पर दिल्ली हाईकोर्ट का केंद्र को निर्देश

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने सोमवार को संबंधित मंत्रालयों को निर्देश दिया कि वे चल और अचल संपत्ति के दस्तावेजों को आधार नंबर से जोड़ने की मांग वाली याचिका पर अपना जवाब दाखिल करें। मुख्य न्यायाधीश सतीश चंद्र शर्मा और न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा की खंडपीठ भाजपा नेता और अधिवक्ता अश्विनी कुमार उपाध्याय द्वारा वर्ष २०१६ में दायर याचिका पर सुनवाई कर रही थी। पीठ ने केंद्रीय वित्त मंत्रालय, आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय (एमओएचयूए), ग्रामीण विकास मंत्रालय और कानून मंत्रालय से जवाब मांगा। सुनवाई के दौरान, अदालत ने कहा कि रजिस्ट्री ने उपाध्याय के आवेदन में कुछ दोषों की ओर इशारा किया है और फिर उसे ठीक करने का निर्देश दिया है। पीठ ने सरकारी अधिकारियों से भी जवाब दाखिल करने को कहा। केंद्र की ओर से पेश अतिरिक्त सलिसिटर जनरल (एएसजी) चेतन शर्मा ने कहा कि यह मामला एक महत्वपूर्ण मुद्दे को सामने लाता है। यह याचिकाकर्ता का मामला है कि चल–अचल संपत्तियों को मालिक के आधार नंबर से जोड़ने से भ्रष्टाचार,




काले धन और बेनामी लेनदेन पर अंकुश लगेगा। उपाध्याय ने कहा कि भारतीय संविधान के अनुच्छेद २१ के आलोक में, सरकार भ्रष्टाचार और काले धन पर अंकुश लगाने और बेनामी संपत्तियों को जब्त करने के लिए उचित कदम उठाने के लिए बाध्य है। काले धन धारकों को अपनी अलेखापरीक्षित चल और अचल संपत्तियों की घोषणा करने के लिए मजबूर किया जाएगा और बेनामी संपत्ति की उस राशि को फिर से उत्पन्न करने में सालों लगेंगे। इस प्रकार, यह लंबे समय तक काले धन के सृजन को समाप्त करने में मदद करेगा। वार्षिक वृद्धि के बारे में बात करते हुए, उपाध्याय ने दावा किया है कि अगर सरकार ने संपत्ति के दस्तावेजों को आधार से जोड़ना अनिवार्य कर दिया, तो इससे दो प्रतिशत की वृद्धि होगी। याचिका में कहा गया, (आधार को संपत्ति के दस्तावेजों से जोड़ना) हमारी चुनावी प्रक्रिया को साफ कर देगा, जिसमें काले धन और बेनामी लेनदेन का बोलबाला है और काले निवेश के चक्र पर फलता–फूलता है, गलत तरीकों से सत्ता पर कब्जा करता है, निजी संपत्ति को इकट्ठा करने के लिए राजनीतिक ताकत का इस्तेमाल करता है, यह सब तिरस्कार के साथ होता है। पीठ ने मामले को अगली सुनवाई के लिए १८ जुलाई, २०२३ को सूचीबद्ध किया।

## गृह मंत्रालय ने सीएपीएफ कांस्टेबल परीक्षा 13 क्षेत्रीय भाषाओं में आयोजित करने को मंजूरी दी

नई दिल्ली। केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों में स्थानीय युवाओं की भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए गृह मंत्रालय ने सीएपीएफ के लिए हिंदी और अंग्रेजी के अलावा १३ क्षेत्रीय भाषाओं में कांस्टेबल (ळव) परीक्षा आयोजित करने को मंजूरी दी है। प्रश्नपत्र असमिया, बांग्ला, गुजराती, मराठी, मलयालम, कन्नड़, तमिल, तेलुगू, ओडिया, उर्दू, पंजाबी, मणिपुरी और कोंकणी सहित १३ क्षेत्रीय भाषाओं में सेट किया जाएगा। इस निर्णय के परिणामस्वरूप लाखों उम्मीदवार अपनी मातृभाषा या क्षेत्रीय भाषा में परीक्षा में भाग लेंगे और चयन के लिए उनकी संभावनाओं में सुधार होगा। अधिकारियों ने कहा कि गृह मंत्रालय और कर्मचारी चयन आयोग कई भारतीय भाषाओं में परीक्षा के संचालन की सुविधा के लिए मौजूदा समझौता ज्ञापन पर एक परिशिष्ट पर हस्ताक्षर करेंगे। कांस्टेबल जीडी देशभर से लाखों उम्मीदवारों को आकर्षित करने वाले कर्मचारी चयन आयोग द्वारा आयोजित प्रमुख परीक्षाओं में से एक है। हिंदी और अंग्रेजी के अलावा १३ क्षेत्रीय भाषाओं में परीक्षा ०१ जनवरी २०२४ से आयोजित की जाएगी। राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की सरकारों से स्थानीय युवाओं को अपनी मातृभाषा में परीक्षा देने के इस अवसर का उपयोग करने और देश की सेवा में करियर बनाने के लिए बड़ी संख्या में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए एक व्यापक अभियान शुरू करने की उम्मीद है। मंत्रालय ने शनिवार को एक बयान में कहा, गृह मंत्रालय क्षेत्रीय भाषाओं के उपयोग और विकास को प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## समलैंगिक विवाह पर सुप्रीम कोर्ट में मंगलवार को सुनवाई

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने केंद्र की उस याचिका पर सुनवाई के लिए मंगलवार को सहमति जताई, जिसमें समलैंगिक विवाह को कानूनी रूप से वैध ठहराने का अनुरोध करने वाली याचिकाओं की विचारणीयता पर सवाल उठाए गए हैं। प्रधान न्यायाधीश डी. के. चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली पीठ ने इस याचिका का उल्लेख करने वाले सलिसिटर जनरल तुषार मेहता के प्रतिवेदन का संज्ञान लिया। इस पीठ में न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला भी शामिल हैं। पीठ ने कहा, 'हां, इसे मंगलवार के लिए सूचीबद्ध किया जाएगा।' केंद्र सरकार ने उच्चतम न्यायालय से कहा है कि समलैंगिक विवाह को मान्यता देने का अनुरोध करने वाली याचिकाएं 'शहरी संभ्रांतवादी' विचारों को प्रतिबिंबित करती हैं और विवाह को मान्यता देना अनिवार्य रूप से एक विधायी कार्य है, जिस पर अदालतों को फैसला करने से बचना चाहिए। केंद्र ने याचिकाओं के विचारणीय होने पर सवाल करते हुए कहा कि समलैंगिक विवाहों की कानूनी वैधता 'पर्सनल लॉ' और स्वीकार्य सामाजिक मूल्यों के नाजुक संतुलन को गंभीर नुकसान पहुंचाएगी। उच्चतम न्यायालय की पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ देश में समलैंगिक विवाह को कानूनी रूप से वैध ठहराए जाने का अनुरोध करने वाली याचिकाओं पर मंगलवार को सुनवाई करेगी। प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति एस. के कौल, न्यायमूर्ति एस. रवींद्र भट, न्यायमूर्ति पी. एस. नरसिम्हा और न्यायमूर्ति हिमा कोहली की पीठ इन याचिकाओं



पर सुनवाई शुरू करेगी। उच्चतम न्यायालय ने इन याचिकाओं को १३ मार्च को पांच न्यायाधीशों की इस संविधान पीठ के पास भेज दिया था और कहा था कि यह मुद्दा ''बुनियादी महत्व'' का है। इस मामले की सुनवाई और फैसला देश पर व्यापक प्रभाव डालेगा, क्योंकि आम नागरिक और राजनीतिक दल इस विषय पर अलग–अलग विचार रखते हैं। दो समलैंगिक जोड़ों ने विवाह करने के उनके अधिकार के क्रियान्वयन और विशेष विवाह कानून के तहत उनके विवाह के पंजीकरण के लिए संबंधित प्राधिकारियों को निर्देश देने का अनुरोध करते हुए अलग–अलग याचिकाएं दायर की हैं, जिन पर न्यायालय ने पिछले साल २५ नवंबर को केंद्र से अपना जवाब देने को कहा था।

# अलविदा की नमाज पर कल बदला रहेगा यातायात

लखनऊ। मुकद्दस रमजान के आखिरी जुमा (अलविदा) की नमाज के अवसर पर यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया है। डीसीपी ट्रैफिक रईस अख्तर ने बताया कि शुक्रवार को १२.४५ बजे आसिफी मस्जिद बड़ा इमामबाड़ा व १३ बजे टीले वाली मस्जिद पर नमाज अदा की जायेगी। प्रातरू १० बजे से समाप्ति तक यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया है। सीतापुर रोड की तरफ से आने वाला डालीगंज रेलवे क्रांसिंग तिराहे से कोई भी यातायात पक्के पुल (टीले वाली मस्जिद) की ओर नहीं जा सकेंगे, बल्कि यह यातायात डालीगंज रेलवे क्रासिंग ओवर ब्रिज से बायें मुडकर चौराहा न निरालानगर से आईटी की ओर होकर जा सकेंगे। पक्का पुल खदरा साईड तिराहा से सामान्य यातायात पक्कापुल (टीले वाली मस्जिद) की ओर की नहीं जा सकेंगे, बल्कि यह यातायात पक्कापुल से पहले तिराहे से बन्धा रोड या नया पुल से होकर अपने गन्तव्य को जा सकेंगे। हरदोई रोडढ बालागंज से आने वाला यातायात बड़े इमामबाड़े व टीले वाली मस्जिद के तरफ नहीं जा सकेंगे, बल्कि यह यातायात कोनेश्वर चौराहे से दाहिने चौक चौराहा, मेडिकल कालेज चौराहा होकर अपने गन्तव्य को जा सकेगें। कोनेश्वर चौराहे से सामान्य यातायात घण्टाघर होते हुए बड़ा इमामबाडा, टीले वाली मस्जिद की ओर नहीं जा सकेंगे, बल्कि यह यातायात कोनेश्वर चौराहे से चौक चौराहा, मेडिकल कास (कमला नेहरू), शाहमीना या नीबू पार्क (समी गेट चौकी चौराहे नया पुल होकर अपने गन्तव्य को जा सकेंगे। नीबू पार्क (रूमीगेट चौकी) चौराहे से सामान्य यातायात बड़ा इमामबाड़ा व टीले वाली मस्जिद की तरफ नहीं जा सकेंगे, बल्कि यह यातायात कोनेश्वर चौराहा या नींबू पार्क के पीछे नया पुल होकर अपने गंतव्य को जा सकेंगे। नीबू पार्क फ्लाई ओवर से उतरने वाला यातायात रूमी गेट की तरफ नही जा सकेंगे, बल्कि यह यातायात चौक चौराहा, ठाकुरगंज होकर अथवा चरक चौराहा होकर अपने गन्तव्य को जा सके ंगे। चौक तिराहे से सामान्य यातायात नीबू पार्क (रूमी गेट चौकी) चौराहा की ओर नहीं जा सकेंगे, बल्कि यह यातायात कोनेश्वर चौराहा या मेडिकल कास (कमला नेहरू) होकर अपने गन्तव्य को जा सकेंगे। मेडिकल कास (कमला नेहरू) धौराहे से सामान्य यातायात फूल मण्डी, खुनखुन जी गर्ल्स कालेज होकर नीमू पार्क (समी गेट चौकी) चौराहे की ओर नही जा सकेंगे, बल्कि यह यातायात मेडिकल कालेज चौराहा या चौक, कोनेश्वर चौराहा होकर अपने गन्तव्य को जा सकेंगे। डालीगंज पुल चौराहे से सीतापुर रोड की ओर जाने वाले रोडवेज बस जीप, कार, स्कूटर, मोटरसाईकिल पक्का पुल (टीले वाली मस्जिद) की ओर नहीं जा सकेंगे, बल्कि यह यातायात आईटी, कपूरथला, पूरनिया होकर अपने गन्तव्य को जा सकेंगे। शाहमीना तिराहे से कैसरबाग की ओर से हरदोई रोड की ओर जाने वाले रोडवेज, सिटी बस पक्का पुल, बडा इमामबाडा की ओर नही जा सकेंगे, बल्कि यह शाहमीना तिराहे से बयें मेडिकल कालेज, चौक, कोनेश्वर चौराहा होकर अपने गंतव्य को जा सकेगें।

# अखिलेश यादव ने भारत की सबसे अधिक आबादी पर जताई चिंता, कहा- यह सरकार की विफलता

लखनऊ। समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने दुनिया




में भारत की सबसे अधिक आबादी होने पर चिंता जताते हुए बृहस्पतिवार को इसे सरकार की विफलता करार दिया है। गौरतलब है कि संयुक्त राष्ट्र के आंकड़ों के अनुसार भारत की आबादी बढ़कर १४२.८६ करोड़ हो गई है और वह चीन को पीछे छोड़ दुनिया का सबसे अधिक आबादी वाला देश बन गया है। अखिलेश यादव ने गुरुवार को अपने ट्वीट में इसे 'चिंतनीय खबर' बताते हुए कहा कि इसका कारण सरकार की विफलता है। उन्होंने इसी ट्वीट में विवरण देते हुए कहा, ''गरीबी–बेरोजगारी के कारण काम में हाथ बंटाने एवं कमाने के लिए (अधिक लोग) तथा चिकित्सा की कमी से बाल मृत्यु के डर से अधिक बच्चे पैदा करना तथा गर्भनिरोधक का वितरण न होना।'' इसके अलावा सपा प्रमुख ने 'शिक्षा की कमी से जनसंख्या के दबाव को न समझना' भी इसमें शामिल किया है।

## सपा ने सभी नगर निगम में घोषित किये प्रत्याशी

लखनऊ यूपी निकाय चुनाव में समाजवादी पार्टी ने सभी १७ नगर निगम सीट के लिए पख्त्यााशियों के नाम की घोषणा कर दी है। पार्टी की तरफ से इस आशय की लिस्ट जारी कर दी गई है।

# रिलीज से पहले न्यूयर्क में गूंजेगी भगवान श्रीराम की गाथा


मुंबई। दक्षिण भारतीय स्टार प्रभास की आने वाली फिल्म आदिपुरुष का वर्ल्ड प्रीमियर १३ जून को न्यूयर्क में ट्रिबेका फेस्टिवल में होगा। ओम राउत निर्देशित फिल्म आदिपुरूष में प्रभास, कृति सैनन, सैफ अली खान और सनी सिंह ने मुख्य भूमिका निभायी है। न्यूयर्क में ट्रिबेका फेस्टिवल में आदिपुरूष का वर्ल्ड प्रीमियर १३ जून को होगा,



जबकि यह फेस्टिवल ०७ से १८ जून तक चलेगा। यह फिल्म दुनिया भर में १६ जून को रिलीज होगी। आदिपुरुष टी–सीरीज के भूषण कुमार और कृष्ण कुमार, ओम राउत, प्रसाद सुतार और रेट्रोफाइल्स के राजेश नायर द्वारा निर्मित है। फिल्म के निर्देशक ओम राउत ने कहा, "आदिपुरूष एक फिल्म नहीं पर एक भाव है। एक ऐसी कहानी के लिए हमारा नजरिया है जो भारत की भावना के साथ जुड़ा है। आदिपुरुष को दुनिया के प्रतिष्ठित फिल्म फेस्टिवल्स में से एक के सम्मानित जूरी द्वारा चुना गया है।ट्रिबेका फेस्टिवल का यह प्रीमियर वास्तव में मेरे लिए और पूरी टीम के लिए बहुत खास है क्योंकि हमें वैश्विक स्तर पर एक ऐसी कहानी दिखाने का मौका मिला है जो हमारी संस्कृति में गहराई तक समाई हुई है। इसके वर्ल्ड प्रीमियर पर दर्शकों की प्रतिक्रिया देखने के लिए हम असल में रोमांचित और उत्साहित हैं।" टी–सीरीज के मालिक भूषण कुमार ने कहा, भारतीय सिनेमा को वैश्विक स्तर पर ले जाना वास्तव में हम सभी के लिए गर्व का पल है। ट्रिबेका फेस्टिवल दुनिया के सबसे प्रशंसित प्लेटफार्मों में से एक है और हमारी फिल्म के लिए, जो न केवल प्यार का फल है बल्कि भारतीय इतिहास को भी दर्शाता है। यहां प्रदर्शित किया जाना विनम्र, रोमांचक और जबरदस्त है। आदिपुरुष सभी के लिए एक विजुअल ट्रीट होने जा रहा है, और मुझे यकीन है कि वैश्विक दर्शकों पर इसका एक मंत्रमुग्ध करने वाला प्रभाव होगा।" प्रभास ने कहा, "मैं सम्मानित महसूस कर रहा हूं कि आदिपुरुष का वर्ल्ड प्रीमियर ट्रिबेका फेस्टिवल, न्यूयॉर्क में होगा। आदिपुरुष का वैश्विक मंच पर पहुंचना मुझे न केवल एक अभिनेता के रूप में बल्कि एक भारतीय के रूप में भी बेहद गौरवान्वित करता है। मैं ट्रिबेका में दर्शकों की प्रतिक्रिया देखने के लिए उत्सुक हूं।"

# करण जौहर संग फिल्म बनाएंगे सलमान खान!

मुंबई। बॉलीवुड फिल्मकार करण जौहर, सलमान खान को लेकर फिल्म बना सकते हैं। करण जौहर



ने सलमान खान को लेकर वर्ष १९९८ में कुछ कुछ होता है बनायी थी। चर्चा है कि सलमान खान, करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शन के साथ एक फिल्म करने की प्लानिंग कर रहे हैं। दोनों एक बिग बजट फिल्म बनाने की प्लानिंग कर रहे हैं, जिसे २०२४ की ईद के मौके पर रिलीज किया जाएगा। यदि ऐसा होता है तो दोनों करीब २५ साल बाद साथ काम करेंगे। सलमान खान इन दिनों अपनी फिल्म किसी का भाई किसी की जान के प्रमोशन में बिजी है। इसके बाद नवंबर में उनकी फिल्म टाइगर ३ रिलीज हो रही है। टाइगर ३ की रिलीज के बाद सलमान, शाहरुख खान का साथ टाइगर वर्सेस पठान पर काम करना शुरू करेंगे। इस फिल्म की शूटिंग जनवरी २०२४ में शुरू हो सकती है।

# ओटीटी पर गूंजेगी सोनाक्षी की 'दहाड़'

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा की वेबसीरीज दहाड़ १२ मई को रिलीज होगी। सोनाक्षी सिन्हा ओटीटी पर डेब्यू करने जा रही हैं। उनकी पहली वेब सीरीज 'दहाड़' १२ मई को अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज होने जा रही है। सोनाक्षी वेब सीरीज श्दहाड़श में पुलिस अफसर के रोल में नजर आयेंगी। अमेजन प्राइम और सोनाक्षी सिन्हा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से इस वेब सीरीज की पहली झलक शेयर की है। इसमें सोनाक्षी सिन्हा एक सख्त पुलिस अफसर के अंदाज में दिखाई दे रही है। इस वेब सीरीज में विजय वर्मा, सोनाक्षी सिन्हा के साथ स्क्रीन शेयर करेंगे। जोया अख्तर और रीमा कागती की बनाई गयी यह वेब सीरीज भारत की पहली ऐसी वेब सीरीज है जो बर्लिन फिल्म फेस्टिवल में रिलीज की गई। फरवरी में इसका प्रीमियर होने के बाद अब यह अमेजन पर १२ मई को रिलीज होने के लिए तैयार है।

# उत्तर प्रदेश विधान परिषद में छह सदस्यों ने शपथ ली

लखनऊ। उत्तर प्रदेश विधान परिषद के राजर्षि पुरूषोत्तम दास टण्डन हॉल में सभापति मानवेन्द्र सिंह ने गुरुवार को मनोनीत छह सदस्यों को शपथ दिलाई। प्रमुख सचिव डॉ.राजेश सिंह ने बताया कि शपथ लेने वाले नव मनोनीत सदस्यों में रजनीकांत महेश्वरी, साकेत मिश्रा, लाल जी निर्मल, तारिक मंसूर, राम सूरत राजभर और हंसराज विश्वकर्मा शामिल रहें।


हमारे अन्य प्रतिनिधि
संजय बाजपेई
सीतापुर
मो.9935160370
प्रियंका त्रिपाठी
नई दिल्ली
विधिक सलाहकार
सुरेश नारायण मिश्र
क्षेत्रीय सम्पादक
सौरभ कुमार, बिहार
मो.09386075289
मो० अरशद
ब्यूरो चीफ
मऊ



स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक आरती पाण्डेय द्वारा सांई आफसेट प्रिन्टर्स, 40 वासुदेव भवन भातखण्डे संगीत महाविद्यालय के पीछे, कैसरबाग लखनऊ से छपवाकर एमआईजी 2/379 रश्मिखंड शारदानगर आशियाना लखनऊ उ0प्र0 से प्रकाशित।
आर.एन.आई UPHIN/2010/32566



सम्पादक
आरती पाण्डेय
मो.9415087228
9889745884. 9807059191. 9026560178
Email-
adbhutsamachar@yahoo.in
adbhut_samachar@rediffmail.com



सभी विवादों का न्यायक्षेत्र लखनऊ होगा।

समाचार पत्र में छपी समस्त प्रकार की खबरों एवं लेखों का स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक आरती पाण्डेय से किसी भी प्रकार का कोई लेना देना नहीं है। समाचार पत्र में छपी खबर एवं लेख पत्रकारों के अपने निजी विचार हैं। समाचार पत्र से जुड़े समस्त पत्रकारों के पद अवैतनिक हैं। और वह सब स्वतंत्र पत्रकार हैं। प्रकाशक/सम्पादक